कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गाँधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
**Email Id- jalnigam3@gmail.com** **Mo. No.- 9473942677**


सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 10474 / एम–6 / 167 दिनांक 19.08.2026

विषयः– जनपद मीरजापुर के न्यूजट्रैक ई–समाचार पत्र में दिनांक 18.08.2026 को ''जल जीवन मिशन की खुली पोल, केंन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने किया ताबड़तोड़ दौरा'' शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के न्यूजट्रैक ई–समाचार पत्र में दिनांक 18.08.2026 को ''जल जीवन मिशन की खुली पोल, केंन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने किया ताबड़तोड़ दौरा'' शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। समाचार पत्र में ऊँचाई पर स्थित स्थलों एवं कुछ अन्य स्थलों पर जलापूर्ति प्राप्त न होने का वर्णन किया गया है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि शिरोपरि जलाशय से दूरस्थ बिन्दु पर स्थित कुछ घरों में जलापूर्ति प्रभावित है, जिसका कारण शिरोपरि जलाशय के नजदीक के ग्रामों में ग्रामवासियों द्वारा पेयजल बर्बादी किया जाना यथा खेत/क्यारियों का सिंचाई कार्य, टोटी खुला रखना, टुल्लू पम्प का प्रयोग किया जाना है। उक्त के कारण प्रेशर ड्रॉप हो जाने की वजह से शिरोपरि जलाशय से दूरस्थ बिन्दु, टेल एण्ड व ऊँचाई पर स्थित नलों में जलापूर्ति प्रभावित होती है। समाचार पत्र में वर्णित पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के क्रम में अवगत कराना है कि विभिन्न विभागों–विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, बी0एस0एन0एल0 आदि द्वारा कराये जा रहें निर्माण कार्यो के दौरान अत्यधिक मत्रा में पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने की घटना घटित होती रहती है। जलापूर्ति से वंचित ग्राम के मजरो/आबादी में जलापूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु बूस्टर पम्प अधिष्ठापन व अतिरिक्त नलकूप का प्राविधान किया जा रहा है।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता